देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 15.06.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त। हादसे में पायलट समेत 7 लोगों की मृत्यु। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।
- प्रदेश सरकार ने हेलीकॉप्टर संचालन के संबंध में सख्त एसओपी बनाने के निर्देश दिए।
- यात्रियों की सुरक्षा और खराब मौसम को देखते हुए कल तक के लिए हेली सेवा को स्थगित किया गया।
- मुख्यमंत्री ने हेली सेवाओं में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज देहरादून में 'रन फॉर योगा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

केदारनाथ दुर्घटना

रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा एक हेलीकॉप्टर आज सुबह गौरीकुंड खर्क की पहाड़ियों पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें छह तीर्थयात्रियों और एक पायलट समेत कुल सात लोगों की मृत्यु हो गई। एसडीआरएफ ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर पूरी तरह जल गया है और सभी शव बरामद कर लिए गए हैं। जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि खराब मौसम के कारण हेलिकॉप्टर अचानक पेड़ से टकरा गया, जिससे यह हादसा हुआ है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और खराब मौसम को देखते हुए कल तक के लिए हेली सेवा को स्थगित किया गया है।

हेलीकॉप्टर संचालन

रुद्रप्रयाग हेलीकॉप्टर दुर्घटना के संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून से सभी संबंधित विभागों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर रहे हैं। इस बैठक में मुख्य सचिव, यूकाडा, आपदा विभाग सहित नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अधिकारी भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री ने राज्य में हाल ही में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए हेलीकॉप्टर संचालन के सम्बन्ध में सख्त निर्देश जारी किये हैं।

मुख्यमंत्री ने राज्य में हेली सेवाओं के संचालन के लिए सख्त एसओपी तैयार करने पर बल देते हुए कहा कि उड़ान से पूर्व हेलीकाप्टर की तकनीकी स्थिति की गहन जांच तथा मौसम की सटीक जानकारी प्राप्त करना अनिवार्य किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को तकनीकी विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने के निर्देश दिये हैं, जो हेली संचालन के सभी तकनीकी और सुरक्षा पहलुओं की गहन समीक्षा कर एसओपी तैयार करेगी। यह समिति यह सुनिश्चित करेगी कि हेली सेवाओं का संचालन पूरी तरह सुरक्षित, पारदर्शी और निर्धारित मानकों के अनुरूप हो।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिये हैं कि राज्य में पूर्व में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति आज की हेली दुर्घटना के प्रत्येक पहलू की गहन जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। यह समिति प्रत्येक घटना के कारणों की गहनता से जांच करेगी तथा दोषी व्यक्तियों अथवा संस्थाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की संस्तुति करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हेली सेवाओं का महत्व तीर्थाटन, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं के लिए बहुत अधिक है, इसलिए इनमें सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। आकाशवाणी समाचार के लिए समाचार कक्ष से रविन्द्र सिंह

'रन फॉर योगा'

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज देहरादून में 'रन फॉर योगा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी से आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में बढ़–चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्राचीन योग सभ्यता को जन–जन तक पहुंचाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

उत्तराखंड को योग, आयुष और आध्यात्म की भूमि बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य को योग और वेलनेस टूरिज्म का ग्लोबल हब बनाने पर काम कर रही है। सरकार ने हाल ही में नई योग नीति को मंजूरी दी है। जिसके तहत राज्य में योग और ध्यान केंद्र विकसित करने के लिए 20 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पहले से संचालित योग केंद्रों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ ही योग, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने के लिए 10 लाख रुपये तक का अनुदान भी दिया जा रहा है। उन्होंने सभी से अनुशासित और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि दैनिक जीवन में योग को अपनाकर तन—मन को स्वस्थ रखने के साथ ही समाज में सकारात्मकता भी लाई जा सकती है।

योगा दिवस

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो के देहरादून कार्यालय द्वारा हरिद्वार स्थित पतंजलि वेलनेस सेंटर में योग पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में योग गुरु स्वामी रामदेव जी महाराज ने उपस्थित प्रशिक्षुओं और आगंतुकों को योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया तथा योग के वैज्ञानिक, मानसिक व आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तार से बताया।

योग को भारत की ऋषि परंपरा की अनुपम देन बताते हुए स्वामी रामदेव ने कहा कि यह न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का साधन है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और वैश्विक स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को पूरे उत्साह के साथ मनाएं तथा बड़ी संख्या में योगाभ्यास में भाग लें। उन्होंने योग जागरूकता बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की।

भारत मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो की देहरादून शाखा ने बागेश्वर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों और पुलिस बल को भारतीय मानकों के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी आशीष भटगाई की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भारतीय मानक ब्यूरो के निदेशक सौरभ तिवारी ने सभी विभागों से अपनी खरीद में बीआईएस मार्क वाले प्रमाणित उत्पादों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल गुणवत्ता सुनिश्चित होगी, बल्कि उपभोक्ता संरक्षण और पारदर्शिता भी मजबूत होगी। भारतीय मानक ब्यूरो की इस पहल से बागेश्वर जिले में गुणवत्ता, सुरक्षित और मानक आधारित शासन व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होने की उम्मीद है।

मौसम

राजधानी देहरादून समेत प्रदेश में पहाड़ों से लेकर मैदानों तक बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज नैनीताल, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चंपावत, चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार इस अवधि में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चलने का अनुमान है। मूसलाधार बारिश के

चलते तापमान में गिरावट आने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है।